महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

E-mail: registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक: 408 / पी०ए० / 2022 दिनांक: 05 / 08 / 2022

विज्ञप्ति

एतद् द्वारा समस्त सम्बंधित को सूचित किया जाता है कि महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एम0एड0 (द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2022–24 में प्रवेश हेतु आनलाइन प्रवेश परीक्षा फार्म भरने तथा परीक्षा शुल्क आदि जमा करने हेतु निम्नवत तिथियाँ निर्धारित की जाती हैं।

क्र0सं0	कार्य विवरण	तिथि
1	आनलाईन आवेदन फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि	06 अगस्त 2022
2	आनलाईन आवेदन फार्म भरने की अन्तिम तिथि	21 अगस्त 2022
3	आनलाईन आवेदन फार्म संसोधन कि अन्तिम तिथि	22 अगस्त 2022
4	प्रवेश पत्र आनलाईन डाउनलोड करने की तिथि	25 अगस्त 2022
5	प्रवेश परीक्षा की तिथि	28 अगस्त 2022 (रविवार)
6	प्रथम काउंसलिंग (ऑफलाईन)	08 सितम्बर 2022

एम०एड० (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) सत्र 2022–24 में प्रवेश हेतु

आन लाईन आवेदन फार्म भरने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक निर्देशः–

1. पात्रता एम०एड० पाठ्यक्रम के प्रवेश हेतु बी०एड०/बी०ए०बी०एड०/बी०एस०सी०बी०एड०/बी०एल०एड० में न्यूनतम 50% अंको के साथ उत्तीर्ण हो।
2. डी०एल०एड० 50% के साथ स्नातक उपाधि में भी न्यूनतम 50% अंको के साथ उत्तीर्ण हो।
3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग/स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी आश्रित/अन्य प्रान्त का आरक्षण राजाज्ञा के अनुसार देय होगा।
4. आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों का आरक्षण निर्धारित सीट के अन्तर्गत शासनादेशानुसार 10% सभी महाविद्यालयों में अनुमन्य होगा।
5. प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर वरीयता क्रम में प्रवेश दिया जायेगा।
6. ऐसे अभ्यर्थी जो वर्ष–2022 की अर्हता परीक्षा में अन्तिम वर्ष या सेमेस्टर में सम्मिलित हो रहे है, वे भी आवेदन हेतु अर्ह माने जायेंगें। ऐसे अभ्यथियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के पूर्व न्यूनतम अर्हता पूर्ण करना अनिवार्य होगा और काउंसलिंग के समय समिति के समक्ष अर्हता अंकपत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी के लिए रू० 1000/ (रू० एक हजार मात्र) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु रू० 750/ (सात सौ पचास मात्र) प्रवेश परीक्षा का शुल्क निर्धारित है।
8. प्रवेश परीक्षा आवेदन करते समय प्रवेश परीक्षा शुल्क ऑन–लाईन ही जमा होगी।
9. प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र ऑन–आईन ही प्राप्त किये जा सकेंगे।
10. काउंसिलिंग हेतु बुलाये गये सफल अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग तिथि को काउंसिलिंग शुल्क के रूप में रू० 500/ (पाँच सौ मात्र) नगद जमा करना होगा।
11. प्रश्न पत्र हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषा में होंगे। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।
12. एम०एड० पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु महाविद्यालयों का विवरण निम्नलिखित है :–

आगे पृष्ठ....................2 पर

क्र० सं०	विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय का नाम	स्ववित्तपोषित	सीटो की संख्या	आर्थिक रूप से कमजोर (EWS)
1	पूर्वांचल पी०जी० कालेज सुन्दरपुर रानी की सराय, आजमगढ़	स्ववित्तपोषित	50	05
2	श्री हरिशंकर जी महाविद्यालय रामपुर जहानागंज, आजमगढ़	स्ववित्तपोषित	50	05
3	राम नवल सिंह स्मारक पी०जी० कालेज चिरैयाकोट, मऊ	स्ववित्तपोषित	50	05
4	पार्वती महिला डिग्री कालेज दोहरीघाट, मऊ	स्ववित्तपोषित	50	05
5	पब्लिक महिला सहर महाविद्यालय बरामदपुर मोहम्मदाबाद गोहना, मऊ	स्ववित्तपोषित	50	05
		कुल सीटों की संख्या	250	25

13.प्रवेश परीक्षा 3 घण्टे की होगी और निम्नलिखित विवरणानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार के 200 प्रश्न होगें :–

क्र०सं०	विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	पूर्णांक
1	मानसिक योग्यता	75	75	200
2	शिक्षण अभिक्षमता (बी०एड०)	75	75	
3	भाषा योग्यता (हिन्दी / अंग्रेजी)	50	50	

14.दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के योग्यता गुणांक समान होने पर इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय के अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी। यदि उपर्युक्त व्यवस्था के उपरान्त भी अंक समान आते है तो आयु में ज्येष्ठ व्यक्ति को वरीता दी जायेगी।

नोटः–

1. विशेष परिस्थिति में उक्त तिथियों में परिवर्तन किया जा सकता है।
2. प्रवेश परीक्षा के समय अभ्यर्थी को अपना दो नवीनतम पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटोग्राम साथ में लाना होगा।
3. प्रवेश परीक्षा के समय पहचान हेतु आधार / वोटर आई०डी० / ड्राइविंग लाइसेंस / पैन या फोटोयुक्त बैंक पासबुक साथ में लाना अनिवार्य होगा।
4. प्रवेश परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक्स डिवाईस, मोबाईल आदि लाना वर्जित होगा।
5. अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन के उपरान्त अपने आवेदन फार्म की एक प्रिन्ट प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।
6. काउंसलिंग पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं आनलाईन काउंसलिंग तिथि के 04 दिन पूर्व से डाउनलोड किये जा सकेगें।
7. कोविड गाइड लाईन का पालन करना होगा।

कुलसचिव